364

भारतीय डाक विभाग
DEPARTMENT OF POSTS, INDIA
मुख्य पोस्टमास्टर जनरल का कार्यालय, महाराष्ट्र सर्किल, मुंबई – 400 001
Office of the Chief Postmaster General, Maharashtra Circle, Mumbai – 400 001

भारतीय डाक
India Post

सेवा में,

1. पोस्टमास्टर जनरल, मुंबई क्षेत्र, मुंबई 400001
2. वरिष्ठ अधीक्षक डाकघर, मुंबई उत्तर पूर्व मंडल, मुंबई - 400 042

संख्याःसतर्कता/पीएम-एमजी एवं एमटीएस भर्ती-2015/उच्चतम न्यायालय निर्णय/2021 (भाग-II) **दिनांक :6.03.2023**

विषय : वर्ष 2015 में पोस्टमैन/मेलगार्ड एवं एमटीएस संवर्ग के लिए सीधी भर्ती परीक्षा- दोषी अभ्यर्थियों की 9 वीं सूची।

संदर्भ : सहायक पोस्टमास्टर जनरल (सतर्कता), सर्किल कार्यालय का दिनांक – 29.01.2021 का पत्र संख्याः सतर्कता/पीएम-एमजी एवं एमटीएस भर्ती-2015/ उच्चतम न्यायालय निर्णय /2021

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय और इस निर्णय के कार्यान्वयन के लिए निदेशालय के अनुमोदन को ध्यान में रखते हुए, उम्मीदवारों के दोषी और निर्दोषी के रूप में पृथक्करण करने की युक्ति निकालने के लिए एक समिति का गठन किया गया था। तदनुसार, उपरोक्त संदर्भांकित पत्र के माध्यम से दिनांक 29.01.2021 को संदिग्ध दोषी उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित की गई थी।

उक्त सूची में कुल 73 उम्मीदवारों को संदिग्ध दोषी घोषित किया गया था, जिनके हस्ताक्षर में भिन्नता पाई गई और उनसे 19.02.2021 तक अपना अभ्यावेदन, यदि कोई हो, प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया। इन उम्मीदवारों को 19.02.2021 को इस कार्यालय में बुलाया गया था ताकि उनके नमूना हस्ताक्षर लेकर आगे सीएफएसएल को भेजे जा सकें। इन उम्मीदवारों के हस्ताक्षरों का नमूना आगे सत्यापन के लिए सीएफएसएल को दिया गया था।

तदनुसार, निम्नलिखित एक उम्मीदवार के संबंध में सीएफएसएल की सत्यापन रिपोर्ट पत्र संख्याः- सीएफएसएल(पी)/डीओसी/एमआईएससी/2015-16/538, दिनांक 23.02.2023 के माध्यम से प्राप्त हुई है। सीएफएसएल ने राय दी है कि जिस व्यक्ति ने नमूना हस्ताक्षर लिखा था, उसने परीक्षा के दौरान मूल उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर नहीं किया था।

क्रमांक	रोल नंबर	उम्मीदवार का नाम	संवर्ग	मंडल
1	106009118	रेणुका संजय जाधव	डाकिया	मुंबई उत्तर पूर्व मंडल

अतः, समिति की अनुशंसा के अनुसार उपरोक्त उम्मीदवार को परीक्षा के दौरान छद्मव्यक्तिता का मामला होने के कारण 'दोषी' माना गया है और सीएफएसएल की रिपोर्ट के आधार पर उनकी उम्मीदवारी एतदद्वारा रद्द की जाती है।

इस ज्ञापन की प्रति विभागीय वेबसाइट https://www.indiapost.gov.in पर अपलोड की जा रही है

(अजेय सिंह)
सहायक पोस्टमास्टर जनरल (सतर्कता)

प्रतिलिपि :-

1) श्रीमती रेणुका संजय जाधव, मु. सोयगांव, पो. वरुड आरपी, बुलडाणा-443106.
2) सहा. निदे. डाक सेवाएं (भर्ती), मुख्य पो.मा.ज. का कार्यालय, महाराष्ट्र सर्किल, मुंबई- 400001 सूचनार्थ।
3) सहा. निदे. डाक सेवाएं (विधिक), मुख्य पो.मा.ज. का कार्यालय, महाराष्ट्र सर्किल, मुंबई- 400001 सूचनार्थ।